# CGPSC PRELIMINARY EXAM 2013
# MOST IMPORTANT QUESTIONS FOR PRACTICE
# EXAM DATE 08-06-2014

## सामान्य अध्ययन ( भारतीय राजव्यवस्था )

**समय सीमा : 2 घंटे** **अधिकतम अंक: 120**

### अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा हो, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए।**
2. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक/नाम लिखना है।
3. इस परीक्षण पुस्तिका में 120 प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगता हो। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए केवल एक ही प्रत्युत्तर चुनना है।
4. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए OMR उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं।
5. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं। **उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का 1** 0.50% **दंड के रूप में काटा जाएगा।**
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जायेगा एवं उसे जांचा नहीं जाएगा।
7. विद्यार्थी द्वारा किसी प्रश्न का उत्तर न देने की स्थिति में कोई भी अंक काटा नहीं जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए, तब तक इसे न खोलें।**

www.kushmanda.com

**निर्देश:** निम्नलिखित प्रश्नांशों में से प्रत्येक में दो वक्तव्य हैं, एक को 'कथन (A)' तथा दूसरे को 'कारण (R)' कहा गया है। इन दोनों वक्तव्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कर इन प्रश्नांशों के उत्तर नीचे दिए हुए कूट की सहायता से चुनिए:

**कूट-**

(a) A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण है

(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है

(c) A सही है, परन्तु R गलत है

(d) A गलत है, परन्तु R सही है

1. सुमेलित कीजिए-

**सूची-I**

A. भारत सरकार अधिनियम1919
B. भारत सरकार अधिनियम1935
C. मार्ले-मिन्टो सुधार
D. माउंटबेटन योजना
E. कैबिनेट मिशन योजना 1946

**सूची-II**

1. प्रांतीय स्वायत्तता
2. पृथक् निर्वाचन क्षेत्र
3. भारत का विभाजन
4. द्वैध शासन
5. संविधान सभा

**कूट-**

| | A | B | C | D | E |
|---|---|---|---|---|---|
| a) | 1 | 2 | 4 | 5 | 3 |
| b) | 2 | 4 | 3 | 5 | 1 |
| c) | 4 | 1 | 5 | 3 | 2 |
| d) | 4 | 1 | 2 | 3 | 5 |

2. बंद, सरकार की नीतियों के विरुद्ध या किसी व्यक्ति की हत्या का विरोध करने के लिए विरोधी दलों द्वारा अपनाया जाने वाला एक हथियार है। इसे नियमित रूप से, विशेषरूप से ईंधन के मूल्यों में वृद्धि के बाद प्रयोग में लाया जाता है। बंद से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए यह बताइए कि उनमें से कौन-से कथन सही नहीं है?

1. भारत के संविधान का अनुच्छेद-19 स्पष्ट रूप से हड़ताल का अधिकार प्रदान करता है अत: बंद को आयोजित करने का भी आधिकार है।
2. सर्वोच्च न्यायालय ने 2009 के एक निर्णय में घोषणा की कि प्रजातंत्र में, बंद और हड़ताल को लोगों की भावनाओं को व्यक्त करने के एक वैध माध्यम के रूप में देखा जाना चाहिए।
3. जहां तक लोक सेवकों का प्रश्न है, 2003 में तमिलनाडु कर्मचारियों के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के एक निर्णय के अनुसार, उन्हें हड़ताल करने का अधिकार है।

**कूट-**

a) 2 और 3  b) 1 और 2
c) 1 और 3  d) उपरोक्त सभी

3. जांच एजेंसियों के द्वारा अभियुक्तों या संदिग्ध व्यक्तियों पर नार्को एनालिसिस, पोलीग्राफ टेस्ट तथा ब्रेन मैपिंग का नियमित रूप से प्रयोग किया जाता है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने इस प्रक्रिया को असंवैधानिक माना है। ऐसी तकनीकों को अवांछनीय घोषित करने के निम्नलिखित में से क्या कारण हो सकते हैं?

1. ऐसे परीक्षण अनुच्छेद-21 के अंतर्गत निजता के अधिकार का हनन हैं और व्यक्तिगत स्वतंत्रता में एक अनुचित हस्तक्षेप हैं।
2. यह अनुच्छेद-22 के अंतर्गत स्व-अभियोजन (self incrimination) के विरुद्ध अधिकार का भी हनन है।
3. नार्को एनालिसिस में कुछ दवाएं दी जाती हैं, जिसके परिणामस्वरूप व्यक्ति की प्रतिक्रिया पर उसका सचेत नियंत्रण समाप्त हो जाता है, अत: उसे साक्ष्य के रूप में नहीं माना जा सकता।

**कूट-**

a) केवल 3  b) 1 और 2
c) 1 और 3  d) उपरोक्त सभी

4. देश में भाषाई तथा धार्मिक अल्पसंख्यक सहायता प्राप्त संस्थानों से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।
निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही नहीं हैं?

1. ये संस्थान संविधान के अनु-29 के अंतर्गत आते हैं।
2. 93वां संशोधन अधिनियम के अंतर्गत, यह अनुबद्ध है कि अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थानों को भी अनु.जाति/अनु. जनजाति/अ.पि.व. के अभ्यर्थियों को आरक्षण प्रदान करना चाहिए।

www.kushmanda.com

3. सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक संस्थानों का प्रशासन सरकार के द्वारा विनियमित होता है।

**कूट-**

a) 1, 2 और 3 b) 1 और 2

c) 1 और 3 d) इनमें से कोई नहीं

5. आर्म्ड फोर्सेज स्पेशल पावर्स एक्ट, जो सुरक्षा एजेंसियों को जम्मू और कश्मीर तथा उत्तर-पूर्वी राज्यों में असाधारण शक्तियां प्रदान करता है, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के लिए विवाद की जड़ है। निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. यह अधिनियम सैन्य बलों को तलाशी लेने तथा बिना किसी वारंट के व्यक्तियों को गिरफ्तार करने की अनुमति देता है, जो 'गिरफ्तारी के दौरान अधिकारों' का अपवाद है।
2. केन्द्र एएफएसपीए (AFSPA) का इस आधार पर समर्थन करता है कि अनुच्छेद-355 के अंतर्गत आंतरिक अशांति से राज्यों की रक्षा करना केन्द्र सरकार का कर्तव्य है।
3. सैन्य बल एएफएसपीए में किसी भी परिवर्तन का यह कहते हुए विरोध करते हैं कि कठोर प्रावधानों में कोई भी नरमी देश की सुरक्षा के प्रति समझौता होगा।

**कूट-**

a) 2 और 3 b) 1 और 2

c) 1 और 3 d) उपरोक्त सभी

6. भारत में अल्पसंख्यकों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. भारत का संविधान 'अल्पसंख्यक' शब्द की व्याख्या नहीं करता।
2. राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग एक संवैधानिक निकाय है।
3. संविधान अल्पसंख्यकों के अधिकारों के दो समूह प्रदान करता है, जिन्हें 'सामान्य प्रभाव क्षेत्र' तथा 'पृथक प्रभाव-क्षेत्र' में रखा जा सकता है।
4. राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग में एक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा पांच सदस्य होते हैं।

**कूट-**

a) 1, 3 और 4 b) 1, 2 और 3

c) 1 और 3 d) उपरोक्त सभी

7. भारत सरकार अधिनियम, 1919 की निम्नलिखित में से क्या विशेषताएं हैं?

1. प्रांतों में द्वैध शासन का आरंभ
2. मुस्लिमों के लिए पृथक् सांप्रदायिक निर्वाचन क्षेत्र का आरंभ
3. केन्द्र द्वारा प्रांतों को विधायी प्राधिकारों का हस्तांतरण
4. केंद्रीय तथा प्रांतीय विधायिकाओं का विस्तार और पुनर्गठन

दिए गए कूटों से सही उत्तर चुनिए-

a) 1, 2 और 3 b) 1, 2 और 4

c) 2, 3 और 4 d) 1, 3 और 4

8. अंतर्राज्यीय व्यापार तथा वाणिज्य की स्वतंत्रता के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. यह प्रावधान ऑस्ट्रेलिया से लिया गया है।
2. कार्यपालिका, कानून के माध्यम से विधायिका के अनुमोदन के बिना व्यापार और वाणिज्य की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाने में सक्षम है।
3. यह संविधान के अनुच्छेद-301 के अंतर्गत आता है।
4. संसद और राज्य विधायिका दोनों ही कानून के माध्यम से व्यापार और वाणिज्य की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगा सकते हैं, यदि ऐसा करना जनहित में हो।

**कूट-**

a) 1, 2, 3 b) 2, 3, 4

c) 1, 3, 4 d) उपरोक्त सभी

9. संविधान सभा की निम्नलिखित में से कौन-सी समितियां और उनके अध्यक्ष सही सुमेलित नहीं हैं?

1. मौलिक अधिकारों और अल्पसंख्यकों पर समिति: जवाहरलाल नेहरू
2. केन्द्रीय शक्तियों पर समिति : वल्लभाई पटेल
3. स्टीयरिंग समिति : के.एम. मुंशी

www.kushmanda.com

दिए गए कूटों से सही उत्तर चुनिए–

**कूट–**

a) 1 और 2 b) 2 और 3
c) केवल 3 d) उपरोक्त सभी

10. सुमेलित कीजिए–

***सूची-I***

A. अधिकार पत्र तथा न्यायिक समीक्षा

B. लोकतंत्र की संसदीय प्रणाली

C. निदेशक सिद्धांत

D. केन्द्र के पास अवशिष्ट शक्तियां

***सूची-II***

1. इंगलैंड
2. आयरलैंड
3. यूएसए
4. कनाडा

**कूट–**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

11. निम्नलिखित में से कौन-से कथन गलत हैं?
    1. भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकारों को किसी भी परिस्थिति में स्थगित नहीं किया जा सकता है।
    2. भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकार संसद के द्वारा दो-तिहाई बहुमत से स्थगित किए जा सकते हैं।
    3. भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकार राष्ट्रपति के द्वारा राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान स्थगित किए जा सकते हैं।
    4. भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकार राष्ट्रपति के द्वारा राष्ट्रीय आपात्काल तथा किसी राज्य में संवैधानिक मशीनरी के भंग जो जाने की स्थिति में लगाए जाने वाले आपात्काल के दौरान स्थगित किए जा सकते हैं।

दिए गए कूटों से सही उत्तर चुनिए–

**कूट–**

a) 2, 3 और 4
b) 1, 3 और 4
c) 1, 2 और 3
d) 1, 2 और 4

12. निचले न्यायालयों के विरुद्ध जारी किए जाने वाले लेख हैं–

1. बन्दी प्रत्यक्षीकरण 2. परमादेश
3. प्रतिषेध 4. उत्प्रेषण
5. अधिकार पृच्छा

दिए गए कूटों से सही उत्तर चुनिए–

**कूट–**

a) 1, 2, 3 और 4
b) 3 और 4
c) 2, 3 और 4
d) उपरोक्त सभी

13. सुमेलित कीजिए–

***सूची-I***

A. भारत सरकार अधिनियम, 1858

B. भारतीय परिषद अधिनियम, 1861

C. भारतीय परिषद अधिनियम, 1909

D. भारत सरकार अधिनियम, 1919

***सूची-II***

1. मॉर्ले-मिन्टो सुधार
2. राज्य सचिव की नियुक्ति
3. प्रतिनिधित्व तथा विधायी हस्तांतरण का आरंभ
4. प्रांतों में द्वैध शासन

**कूट–**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

www.kushmanda.com

14. 24वें संशोधन अधिनियम से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. प्रस्तावना में 'अखंडता' शब्द को 24वें संविधान संशोधन अधिनियम के द्वारा जोड़ा गया है।
2. इस अधिनियम ने राष्ट्रपति के लिए किसी संविधान संशोधन विधेयक को अपनी सहमति देना अनिवार्य बना दिया।
3. इसी संशोधन के द्वारा लोकसभा में सीटों की संख्या को 525 से बढ़ाकर 545 कर दिया गया।

**कूट-**

a) 1 और 3 b) 2 और 3
c) केवल 2 d) उपरोक्त सभी

15. संविधान सभा से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसंबर 1946 को हुई।
2. जवाहरलाल नेहरू को सभा का अस्थायी अध्यक्ष चुना गया।
3. 11 दिसंबर 1946 को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और एच.सी. मुखर्जी को क्रमश: अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुना गया।
4. जब सभा की बैठक एक संवैधानिक निकाय के रूप में होती थी, तो उसकी अध्यक्षता डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के द्वारा तथा जब सभा की बैठक एक वैधानिक निकाय के रूप में होती थी तो उसकी अध्यक्षता जी.वी. मावलंकर के द्वारा की जाती थी।

उपरोक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

a) 1, 2 और 3 b) 2 और 3
c) 1, 3 और 4 d) उपरोक्त सभी

16. सुमेलित कीजिए-

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. अनुच्छेद-23 | 1. गिरफ्तारी और नजरबंदी के विरुद्ध सुरक्षा |
| B. अनुच्छेद-21 | 2. सुनवाई का अधिकार |
| C. अनुच्छेद-25 | 3. सिखों के द्वारा 'कृपाण' पहना जाना |
| D. अनुच्छेद-22 | 4. मानव दुर्व्यापार का निषेध |

**कूट-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

17. संविधान की प्रस्तावना से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और उनमें से सही कथन/कथनों को पहचानिए-

1. प्रस्तावना संविधान का भाग नहीं है अत: प्रस्तावना को किसी न्यायालय में लागू नहीं किया जा सकता।
2. प्रस्तावना में संशोधन नहीं किया जा सकता है क्योंकि यह संविधान की आधारभूत संरचना का भाग है।
3. प्रस्तावना भारत के लोगों की अभिलाषाओं तथा आदर्शों का मूर्त रूप है।

**कूट-**

a) सभी सही हैं b) 2 और 3 सही हैं
c) 1 और 3 सही हैं d) केवल 3 सही हैं

18. संविधान के अनुच्छेद-3 के अंतर्गत, संसद नए राज्यों का निर्माण कर सकती है, राज्यों के क्षेत्रफल को बढ़ा या घटा सकती है, किसी राज्य की सीमा या नाम में परिवर्तन कर सकती है। राज्यों के निर्माण से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा उनमें से उस/उन कथन/कथनों को पहचानिए जो सही नहीं है/हैं?

1. अनुच्छेद-3 के अंतर्गत किसी नए राज्य के निर्माण के लिए संविधान संशोधन की आवश्यकता नहीं है।
2. संसद में नए राज्य के निर्माण की प्रक्रिया को आरंभ करने से पहले, केन्द्र को प्रभावित राज्यों का मत जानना होता है और वह मत संसद के लिए बाध्यकारी होता है।

www.kushmanda.com

3. प्रस्तावित राज्य के लोगों विचार तथा भावनाएं वह एकमात्र कसौटी है जिसके आधार पर संसद नए राज्य का निर्माण करने या न करने से संबंधित निर्णय लेती है।

**कूट**-

a) 1, 2 और 3　　b) 1 और 2
c) 1 और 3　　d) 2 और 3

19. भारतीय नागरिकता की प्राप्ति और समाप्ति से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और उनमें से सही कथनों को पहचानिए।

1. भारत में जन्मा कोई व्यक्ति उसके माता-पिता की राष्ट्रीयता का विचार किए बिना जन्म से ही भारत का नागरिक होता है।
2. 26 जनवरी, 1950 के बाद भारत से बाहर जन्मा कोई व्यक्ति वंश परंपरा से भारत का नागरिक केवल तभी होता है जब उसके जन्म के समय उसके पिता भारत के नागरिक हों।
3. देशीकरण की प्रक्रिया के माध्यम से, एक गैरकानूनी प्रवासी भी उसी प्रकार से भारत का नागरिक बन सकता है, जैसे विदेशियों को नागरिकता प्राप्त करने की अनुमति दी जाती है।

**कूट**-

a) 1, 2 और 3　　b) 1 और 2
c) 1 और 3　　d) इनमें से कोई नहीं

20. भारत के समुद्रपारीय नागरिकों से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और उनमें से उस/उन कथन/कथनों को पहचानिए जो सही नहीं है/हैं?

1. ओसीआई की अवधारणा ने एकल नागरिकता की मूल अवधारणा को कमजोर कर दिया है, जब भारत किसी एक देश के प्रति अविभाजित निष्ठा पर बल देता था।
2. समुद्रपारीय नागरिकता को संकीर्ण अर्थ में दोहरी नागरिकता नहीं कहा जा सकता है।
3. भारतीय मूल के व्यक्तियों को ओसीआई का दर्जा दिए जाने के आरंभ के साथ ही, ओसीआई एनआरआई के समकक्ष हो गए हैं।

**कूट**-

a) 1 और 2　　b) 1 और 3
c) केवल 3　　d) 1, 2 और 3

21. मानवाधिकारों से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और उनमें से सही कथनों को पहचानिए।

1. मानवाधिकार नैतिक मांगें हैं जो उनके मनुष्य होने के नाते सभी व्यक्तियों के लिए अहरणीय तथा अन्तर्निहित हैं, परंतु इन्हें सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में देखे जाने की आवश्यकता है, जहां विभिन्न संस्कृतियों में अधिकारों में अंतर हो सकता है।
2. सभी मौलिक अधिकार मानवाधिकार होते हैं परंतु सभी मानवाधिकार मौलिक अधिकार नहीं होते हैं।
3. सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा संविधान की उदार व्याख्या के साथ ही, अधिक से अधिक मानवाधिकारों को मौलिक अधिकार माना जाने लगा है और यह एक स्वागत योग्य संकेत है।

**कूट**-

a) सभी सही हैं
b) 2 और 3 सही हैं
c) 1 और 3 सही हैं
d) 1 और 2 सही हैं

22. निम्नलिखित में से किनका उल्लेख अनुच्छेद-51 में मौलिक कर्तव्यों के रूप में है?

1. सामान्य भाईचारे को बढ़ावा देना।
2. महिलाओं की गरिमा की स्थापना करना।
3. व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधि के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने का प्रयास करना।
4. वैज्ञानिक प्रकृति का विकास करना।
5. प्राकृतिक वातावरण को सुधारना और उसे सुरक्षित करना।

**कूट**-

a) 1, 2, 4 और 5
b) 1, 2, 3 और 5
c) 2, 3, 4 और 5
d) उपरोक्त सभी

23. निम्नलिखित में से कौन भाग-IV में निदेशक सिद्धांतों में शामिल है?

1. समान कार्य के लिए समान वेतन
2. समान आचार संहिता
3. छोटे परिवार का नियम
4. प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा

www.kushmanda.com

**Answers**

| | |
|---|---|
| 1. | d |
| 2. | c |
| 3. | c |
| 4. | a |
| 5. | d |
| 6. | a |
| 7. | d |
| 8. | c |
| 9. | d |
| 10. | d |
| 11. | d |
| 12. | c |
| 13. | c |
| 14. | c |
| 15. | c |
| 16. | c |
| 17. | b |
| 18. | a |
| 19. | b |
| 20. | c |
| 21. | b |
| 22. | d |
| 23. | b |
| 24. | b |
| 25. | a |
| 26. | a |
| 27. | a |
| 28. | a |
| 29. | a |
| 30. | d |
| 31. | a |
| 32. | a |
| 33. | a |
| 34. | d |
| 35. | d |
| 36. | c |
| 37. | b |
| 38. | d |
| 39. | c |
| 40. | b |
| 41. | b |
| 42. | b |
| 43. | c |
| 44. | c |
| 45. | c |
| 46. | d |
| 47. | d |
| 48. | a |
| 49. | b |
| 50. | d |
| 51. | b |
| 52. | d |
| 53. | b |
| 54. | a |
| 55. | c |
| 56. | c |
| 57. | b |
| 58. | c |
| 59. | a |
| 60. | c |
| 61. | a |
| 62. | d |
| 63. | b |
| 64. | b |
| 65. | d |
| 66. | b |
| 67. | b |
| 68. | d |
| 69. | b |
| 70. | d |
| 71. | c |
| 72. | d |
| 73. | c |
| 74. | d |
| 75. | c |
| 76. | c |
| 77. | c |
| 78. | b |
| 79. | a |
| 80. | b |
| 81. | a |
| 82. | d |
| 83. | d |
| 84. | a |
| 85. | c |
| 86. | d |
| 87. | a |
| 88. | c |
| 89. | b |
| 90. | b |
| 91. | a |
| 92. | d |
| 93. | b |
| 94. | d |
| 95. | a |
| 96. | b |
| 97. | c |
| 98. | b |
| 99. | d |
| 100. | b |
| 101. | a |
| 102. | d |
| 103. | d |
| 104. | c |
| 105. | a |
| 106. | a |
| 107. | c |
| 108. | d |
| 109. | a |
| 110. | d |
| 111. | d |
| 112. | d |
| 113. | a |
| 114. | a |
| 115. | a |
| 116. | c |
| 117. | c |
| 118. | b |
| 119. | b |
| 120. | b |